## खबर संक्षेप



### मातारानी को चढ़ाई चुनरी विश्व कल्याण की कामना

**स्लीमनाबाद।** शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर नवमी तिथि पर विविध आयोजन स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मै हुए!शारदेय नवरात्र की नवमी पर मंगलवार को ग्राम पंचायत धरवारा मै चुनरी यात्रा निकाली।भक्तगण 101 मीटर की चुनरी यात्रा मातारानी की जयघोष करते हुए प्रारंभ की।बैंड बाजा की धुन पर चुनरी यात्रा मैं शामिल भक्तों के द्वारा देवी गीत मातारानी की जयकारे लगाते हुए नगर भ्रमण की।नगर मैं स्थापित सभी देवी मंदिरों से होते हुए देवी स्थल पहुँची।जहां शक्ति की उपासना की विधि विधान से पूजा अर्चना कर 101 मीटर चुनरी मातारानी को अर्पित की गई।चुनरी अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना की गई।वही ग्राम बड़खेड़ा मैं 51 मीटर चुनरी यात्रा निकाली गई जो मातारानी को अर्पित की गई।

### स्लीमनाबाद में दशहरा चल समारोह आज

**स्लीमनाबाद।** शारदेय नवरात्र पर्व का बुधवार को समापन हो गया। गुरुवार को मातारानी को विदाई दी जाएगी।जिसके लिए देवी प्रतिमाओं को विसर्जित किया।जिसके लिए स्लीमनाबाद मैं दुर्गा प्रतिमा चल समारोह आयोजित होगा।गुरुवार की देर शाम दुर्गा प्रतिमा एक साथ निकलेगी व दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित किया जाएगा।

### बरही क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत



**बरही।** तहसील क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में करीब एक महीने से तेंदुआ की दस्तक से लोगों में भय बना हुआ है। तेंदुआ अब तक कई मवेशी व बकरी का किया शिकार कर चुका है। हीरापुर तैयाब नगर छिदिंहा टोला में डेरा जमाया था। अब बरही नगर में देखा गया। हनतला रोड बड़ा तलाब खेर मंदिर के पास तेदुओं देखे जाने से नगरवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए वन विभाग के सारे जुगाड़ फैल हो रहे है। पिंजड़ा रखा गया था जिसमें बकरा बांधा गया था जिससे तेंदूआ पिंजड़े में फंस जाए लेकिन तेंदुआ बच निकलता है। नगर के नजदीक शिकार के इंतजार में झाड़ियों में छुपकर बैठा रहता है। बरही नगर व आसपास क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है वनविभाग के जिम्मेदार अधिकारी जब कोई ठोस कदम उठाएंगे तभी तेंदुए से निजात मिल सकती है।

## दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही शारदीय नवरात्र पर्व का हर्षोल्लास के साथ हुआ समापन

# मां दुर्गा को दी गई विदाई, निकला दशहरा चल समारोह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बुराई पर सत्य की जीत का महापर्व विजयादशमी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरे पर्व के साथ ही आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की भक्ति आराधना का महापर्व शारदेय नवरात्र का समापन हो गया। बुधवार को दशहरा के दिन शहर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का चल समारोह निकाला गया। ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु नाचते हुए चल रहे थे। इसके पूर्व दशहरे के दिन शहर में जगह जगह स्थापित किये गए दुर्गा पंडालों में हवन, पूजन के साथ ही कन्याभोज एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया।

बुधवार की देर शाम गोल बाजार रामलीला मैदान से रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ की जीवंत झांकी के साथ घंटाघर रामलीला मैदान से हनुमान जी महाराज के साथ भगवान श्रीराम चल समारोह में शामिल हुए। अगुवाई लंकापति रावण महाराज द्वारा की जा रही थी। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप से दशहरा चल समारोह का आगाज हुआ। चल समारोह में सबसे आगे झंडाबाजार व्यापारी संघ की दुर्गा प्रतिमा शामिल हुई। चल समारोह के दौरान जगह जगह पूजन एवं प्रसाद वितरण हुआ। दशहरा चल समारोह में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। चल समारोह देखने के लिए बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लोगो का हुजूम जुलूस मार्ग पर दिखा।

### सुरक्षा के रहे इंतजाम

चल समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाएं बनाये रखने प्रशासन व पुलिस द्वारा इंतजाम किये गए थे। जगह जगह भारी पुलिस बल तैनात रहा। चल समारोह से लेकर विसर्जन घाटों तक में प्रशासन द्वारा कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई थी। आपात स्थिति से निबटने के लिए पहले से ही तैयारियां की गई थी। चल समारोह में लोगों की खासी भीड़ रही। दशहरे के दिन दुर्गोत्सव समितियों द्वारा हवन पूजन के बाद कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

दशहरा चल समारोह मे सांसद वीडी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, महापौर प्रीति संजीव सूरी, गोल बाजार रामलीला कमेटी के भरत अग्रवाल, रवि खरे, रामरतन पायल अश्वनी गौतम, आशुतोष शुक्ला, विजय गुप्ता, आशीष गुप्ता, मृदुल द्विवेधी, पीताम्बर टोपनानी, शशांक श्रीवास्तव, सुरेश सोनी, मनीष दुबे के साथ ही घंटाघर रामलीला कमेटी के रम्मू यादव, प्रिय दर्शन गौर, अमित शुक्ला, ज़ालिम यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

दशहरा चल समारोह एवं रावण दहन के दौरान कमानिया गेट से सुभाष चौक जुलूस के साथ-साथ समापन तक अजीत तिवारी तहसीलदार कटनी (ग्रामीण) को दायित्व सौंपा गया जबकि सुभाष चौक, शेर चौक से आजाद चौक तक जुलूस के साथ-साथ समापन का जिम्मा अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार पहाड़ी, रावण दहन चौपाटी (शासकीय चिकित्सा के पास) कटनी की जिम्मेदारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आशीष अग्रवाल को दी गई। रावण दहन गोल बाजार में नायब तहसीलदार कटनी नगर अवंतिका तिवारी मौजूद रहे।

*13 सूत्रीय मांगों को लेकर भीम आर्मी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन*

## स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के कारण इन दिनों अव्यवस्थाएं हावी हैं। समय पर स्टाफ के न आने से मरीजों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक मेडिकल ऑफिसर राममणि पटेल के ऊपर बरही, बड़वारा,कटनी तीन जगह स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी है जिसके चलते वे प्रतिदिन बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में अपनी उपस्थिति व मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करने में असमर्थ हैं। भीम आर्मी के जयचंद सूर्यवंशी ने अपने टीम के सदस्यों के साथ निम्न विन्दुओं पर कलेक्टर कटनी को ज्ञापन सौंपकर बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करवाने की मांग की है।

बड़वारा सामुदायिक केंद्र में डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है डॉक्टर अपने समय पर नहीं आते हैं 1:00 बजे के बाद इलाज बंद हो जाता है 24 घंटे इलाज की व्यवस्था की जाए बड़वारा में एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है जिससे मरीज परेशान होते हैं एमबीबीएस डॉक्टर की व्यवस्था की जाए। केंद्र में कोई भी महिला डॉक्टर नहीं है प्रसव नर्स के द्वारा कराया जाता है प्रसव के लिए महिला डॉक्टर को पदस्थ किया जाए जिससे जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित रहे। केंद्र में सोनोग्राफी की व्यवस्था की जाए क्योंकि सोनोग्राफी के लिए गर्भवती महिलाओं को केंद्र से 25 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है जिसमें महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसमें जान का खतरा भी बना रहता है। सभी विभागों के लिए अलग-अलग डॉक्टर की व्यवस्था की जाए। केंद्र में घटिया किस्म की दवाई वितरणकी जाती है। केंद्र में गंदगी व्याप्त रहती है जिसमें कई तरह की बीमारी फैलती है। .केंद्र में जो लैब है उसमें बहुत सी कमियां हैं। नियमित लेबटेक्निशियन की नियुक्ति नही है जिससे मरीजों को जांच रिपोर्ट पाने के लिए पूरे दिन भर इंतजार करना पड़ता है। कुछ स्वास्थ कर्मचारियों की ओर से मरीजों की समस्या सुनने में लापरवाही देखी गई है। केंद्र में एक सर्जन डॉक्टर की व्यवस्था की जाए जिसमें मरीजों की सभी प्रकार की सर्जरी केंद्र में हो सके। ऑपरेशन थियेटर का कक्ष बनवाया जाए व महिला सर्जन चिकित्सक को नियुक्ति को जाए जिससे प्रसव करबाने आने वाली महिलाओं को बड़वारा स्वास्थ्य केंद्र में ही ऑपरेशन की सुविधा प्राप्त हो सके।

## देवी गीतों के बीच गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति



बरही तहसील अंतर्गत करौंदी खुर्द में संचालित सुधा स्मृति स्कूल में शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर स्कूल परिसर में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन मां दुर्गा जगत जननी के आराधना के साथ आरंभ किया गया। विद्यालय परिसर में रंग बिरंगे परिधानों से सजे छात्र छात्राओं ने जब पारंपरिक संगीत की लय पर मां दुर्गा की स्तुति में गरबा नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लास पूर्ण हो उठा। बच्चों ने देवी गीतों की गूंज के बीच गरबा की विविध प्रस्तुतियां दी मां तुझको प्रणाम अंबे भवानी और जय आद्या शक्ति पर आधारित समूह नृत्य गरबा डांडिया नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में देवी गीतों की शानदार सुमधुर प्रस्तुति कलाकार मनोज निगम और स्कूल की शिक्षिका आशा सोनी द्वारा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बड़वारा जनपद अध्यक्ष सुधा जैसवाल करौंदी खुर्द सरपंच श्रीमती मानकुंवर अवधेश प्रताप सिंह पार्षद संतोष द्विवेदी वरिष्ठ पत्रकार ललित दुबे इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रमाकांत मिश्रा एवं प्राचार्य राकेश उरमलिया अतिथियों का पारम्परिक ढंग से स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया गया कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नौ रात, नौ दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन की बेला आई इस बिरह गीत के साथ स्लीमनाबाद क्षेत्र में मां दुर्गा को विदाई दी गई। मातारानी को विदाई देने का सिलसिला बुधवार को देर शाम तक जारी रहा।विसर्जन जुलुस में मां के भक्त डीजे की धुन पर थिरकते चल रहे थे। जगह-जगह उन पर अबीर और गुलाल की बौछार हो रही थी।देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने का क्रम चला।इसके पहले दशमी के दिन श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन किया और आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। जगह जगह कन्या पूजन,कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुए। स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के कई गावों मै बुधवार को चल समारोह हुआ तों कई गावों मै आज चल समारोह होगा!विसर्जन घाटों का पुलिस अधिकारियो ने किया निरीक्षण-देवी प्रतिमाओ को विदाई देते समय विसर्जन घाटों मै किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न रहे चाक चौबंद व्यवस्था विसर्जन घाटों मै रहे इसके लिए एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने पुलिस बल के साथ स्लीमनाबाद मै विसर्जन स्थल कटनी नदी का देर शाम निरीक्षण किया!अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाए करतब-चल समारोह में अखाड़ों के कलाकारों ने जगह-जगह करतब दिखाए। इस दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्ग कलाकारों ने अनेक स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। चल समारोह का नजारा देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी हुई थी। अनेक स्थानों पर लोगों का मजमा लगा हुआ था। लोग घरों की छतों पर खड़े होकर चल समारोह का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही चल समारोह गुजर रहा था, छतों से लोग पुष्पवर्षा कर रहे थे। आसपास से भी कई लोग इस चल समारोह को देखने के लिए पहुंचे थे।

*देवी पंडालों में हवन, कन्याभोज एवं भंडारे का हुआ आयोजन*

## स्लीमनाबाद तहसील में धूमधाम से मनाया जायेगा दशहरा उत्सव, दुर्गा पंडालो में होंगे देवी जागरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



आदिशक्ति जगत जननी की आराधना का पावन पर्व शारदेय नवरात्रि बुधवार को समापन हो गया जहाँ देवी पंडालो मै हवन यज्ञ पूर्णाहुति हुई साथ कन्या पूजन कर कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुआ जहाँ लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मातारानी को अर्पित किए गए 56 भोग-स्लीमनाबाद स्थित संगम नगर दुर्गा उत्सव समिति ओर आजाद चौक पूजा दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान मैं मातारानी को 56 भोग अर्पित किए गए ओर अर्पित भोग का प्रसाद वितरण किया गया!साथ स्लीमनाबाद का बाल कलाकारों का गरबा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा!शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित नगर महारानी मैं महाआरती का आयोजन किया गया।महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई।दशहरे की रहेगी धूम -स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मै दशहरे की धूम रहेगी!स्लीमनाबाद मै स्थापित सभी देवी पंडालो मै विशाल देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित होगा!जहाँ गायक ओर गायिकाओ के द्वारा देवी भजनों की शानदार प्रस्तुतियाँ दी जाएगी।

स्लीमनाबाद स्थित नगर सेठानी पूजा दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा विशाल देवी जागरण का आयोजन रखा गया है!जहाँ दिल्ली से बृजराज सिंह लखेरा आएंगे ओर साथ मै गायक सत्येंद्र असाठी ओर गायिका चांदनी बघेल की शानदार प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेगी!वही आजाद चौक पूजा दुर्गा उत्सव समिति मै संस्कारधानी के मशहूर सिंगर विनोद साहू, प्रदीप पटेल ओर गायिका दुर्गा सूर्यवंशी भोपाल के द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाएगी तों वही संगम नगर पूजा दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान मै 51 फिट रावण पुतला दहन किया जायेगा वही नगर महारानी सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति स्लीमनाबाद मै गायक आशीष तिवारी, भूपेंद्र यादव ओर पूजा बर्मन के द्वारा प्रस्तुतियाँ दी जाएगी!समिति ने सभी धर्मप्रिय जनों से पहुंचने का आग्रह किया है।

## सांसद, महापौर की मौजूदगी में ऑडिटोरियम में हुआ आयोजन

# 30 दिव्यांगजनों को वितरित किये गए निःशुल्क सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत नगर निगम के बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम में बुधवार को एडिप योजना के तहत आयोजित दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान लोकसभा खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एडिप योजना अंतर्गत एलिम्पो कंपनी द्वारा चिह्नित 43 हितग्राहियों में से उपस्थित 39 हितग्राहियों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया।

सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य अपनी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किये जा रहे हैं, ये उपकरण उनके जीवन-यापन में बहुत उपयोगी साबित होंगे।

इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर सामाजिक न्याय अनुराग मोदी, जनपद पंचायत सीईओ कटनी प्रदीप सिंह, सहित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र जनपद पंचायतों एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कटनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य गोविंद चावला, तुलसा गुलाब बेन,सुमन राजू माखीजा, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव,शकुंतला सोनी,रेखा संजय तिवारी,सीमा श्रीवास्तव, वंदना राजकिशोर यादव, शशिकांत तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## हनुमानजी ने जलाई रावण की लंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नवरात्र के अवसर पर तेवरी मैं स्थानीय कृष्ण नाट्य रामलीला समिति के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।रविवार को रामलीला मंचन मैं लंका दहन का मंचन किया गया।रामभक्त हनुमान माता सीता की खोज करते हुए लंका पहुँचते है।वहां सीता के पास जाकर मुद्रिका फेंकते है।जिसे देखकर सीता अचरज मैं पड़ गई कि आखिर यह मुद्रिका यहां कैसे आई।तभी हनुमान माता सीता के समक्ष आये ओर अपना परिचय दिया था सीता ने हनुमान से ने प्रभु के हाल जाने। इसके बाद हनुमान सीता से भूख लगने की बात कहते हुए बगीचों में लगे फल खाने की अनुमति मांगते हैं। आदेश पाते ही बाग में पहुंचकर फल खाने के साथ ही पूरा बाग उजाड़ देते हैं। इसे देखकर गुस्से में रावण के सैनिकों ने युद्ध किया और रावण के बेटे अक्षय कुमार का वध कर दिया। इसे देख कर मेघनाद क्रोधित हो गया और हनुमान जी पर ब्रह्म पास का प्रयोग कर दिया।इसमें हनुमान जी खुदको बंधकर रावण के दरबार पहुंचते हैं। वहां रावण के भाई विभीषण ने कहा, बंदरों की सबसे प्रिय वस्तु उसकी पूंछ होती है, क्यों न इसकी पूंछ में आग लगा दी जाए। रावण क्रोधित होकर हनुमान जी की पूछ में आग लगाने का आदेश देता है। जैसे ही हनुमान जी की पूंछ में आग लगी, उन्होंने रावण के घमंड और अहंकार की प्रतीक सोने की लंका को जलाकर राख कर दिया। लंका दहन के साथ भव्य आतिशबाजी की गई।

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र का प्रसिद्ध दशहरा ग्राम तेवरी मैं आज मनाया जाएगा।रामलीला समिति अध्यक्ष पुरषोत्तम सिंह ठाकुर ओर दशहरा समिति अध्यक्ष लकी अग्रहरी ने बताया कि रामलीला मैं रावण वध के साथ रावण पुतला दहन होगा।

## खबर संक्षेप

### डाइट कटनी की शोध समिति की हुई बैठक

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तरीय शोध समिति की बैठक का आयोजन डाइट कटनी में किया गया। बैठक में जिला स्तर पर क्रियात्मक शोध एवं लघु अवधि शोध किए जाने के संबंध में आगामी कार्य योजना पर चर्चा कर शोध कार्यशाला प्रारंभ करने पर सहमति दी गई। बैठक में शोध प्रभारी व्याख्याता उमाशंकर सैनी ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जिला स्तर पर जेंडर संवेदनशीलता विषय पर 11 क्रियात्मक शोध शालाओं एवं 1 लघु अवधि शोध उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम विषय पर किया जाना है। इस हेतु प्रारंभिक स्तर पर 25 शोधकर्ताओं का चयन किया जाएगा एवं किए जाने वाले शोध कार्य की गुणवत्ता के आधार पर अंतिम रूप से 11 शिक्षकों का चयन शोध कार्य हेतु किया जायेगा। बैठक में जिला स्तरीय शोध समिति के सद्स्यों राजेंद्र असाटी, नीरजा मीता आरनल्ड प्राचार्य हरदुआ, राकेश सिन्नररकर व्याख्याता, दिनेश तिवारी, बीएसी जनपद शिक्षा केंद्र बहोरीबंद, श्री सत्येंद्र नाथ मिश्रा माध्यमिक शिक्षक बड़वारा, लेखापाल राजेश गुप्ता की उपस्थिति रही।

### आदि कर्मयोगी अभियान को लेकर सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ

**कटनी।** ग्राम पंचायत पिपरिया परोहा में 'आदि कर्मयोगी अभियान' के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता को लेकर व्यापक सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जनजातीय विकाश परिवर्तन सेवा संकल्प और विश्वास के लिए के मूल सिद्धांतों को बढ़ावा देना और जनजातीय विकाश के शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिलाकर संतृप्त करना है। सर्वे के दौरान ग्रामवासियों से उनकी सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक आवश्यकताओं पर सीधा संवाद ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, युवा सवेरा समिति स्वैच्छिक संगठन और स्थानीय युवाओं की भागीदारी से अभियान को एक जनांदोलन का रूप देने की कोशिश की जा रही है। ब्लॉक मास्टर ट्रेनर गोवर्धन रजक ने कहा "यह पहल ग्राम स्तर पर आत्मनिर्भरता और नैतिक नेतृत्व की भावना को सशक्त बनाने में मदद करेगी। समुदाय की सक्रिय सहभागिता ही किसी भी योजना की सफलता की कुंजी होती है।"

### जिले में अब तक 1120.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से बुधवार 01 अक्टूबर तक कुल 1120.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1452.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1072.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 4.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 1160.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1452.7 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 1032 मिलीमीटर, बरही तहसील में 1009 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 966.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 1000.6 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1298.8 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 1042.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की नवनिर्मित बिल्डिंग का हुआ लोकार्पण

# समाज की प्रगति और बेहतर भविष्य की नींव है शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दशहरा के पावन अवसर पर खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम द्वारा एक करोड़ पांच लाख रुपए की लागत से निषाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की नव निर्मित बिल्डिंग का लोकार्पण सांसद विष्णुदत्त शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया।

सांसद विष्णु दत्त शर्मा नें उपस्थित जनों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के शुभ अवसर पर हम सभी यहां शाला भवन का लोकार्पण करने एकत्रित हुए है। भवन सर्वसुविधायुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण होने से छात्र- छात्राओं को सुविधा युक्त वातावरण में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान सांसद श्री शर्मा ने शाला प्राचार्य से स्कूल में अध्ययनरत छात्रों की कुल संख्या की जानकारी लेते हुए परिसर में खेल मैदान विकसित करने के साथ ही छात्रों को एनएस.एस एवं एनसीसी में भी सम्मिलित कराने हेतु शासन स्तर से पत्राचार करने के निर्देश दिए। सांसद श्री शर्मा ने कहा कि इस नवीन शाला भवन से शिक्षा प्राप्त कर छात्र अपने जीवन का परिपक्व निर्माण कर अपने सपने साकार कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने हर छात्र की अलग - अलग विधाओं में रूचि की बात कही जाकर शिक्षकों से इसी दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में भी जोर देने की बात कही। उन्होंने कहा कि छात्रों को बेहतर शिक्षा मुहैया करानें की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस दौरान उन्होंने छात्रों से अपने व अपने परिजनों के जन्मदिवस के अवसर पर शाला भवन में पौधारोपण कर शाला को हरा- भरा एवं स्वच्छ बनाने की सीख भी दी। इस दौरान सांसद श्री शर्मा नें छात्रा अंशिका पटेल को 12 कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली स्कूटी की चाबी छात्रा को सौपते हुए अंशिका के उज्जवल भविष्य की कामना की।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज का यह पल हम सभी कटनी वासियों के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। सभी के सामूहिक प्रयासों से छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य का निर्माण करने हेतु सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन की सौगात प्रदान करने में हम सफल हुए है। छात्रों को कम फीस पर सर्वसुविधायुक्त माहौल में शिक्षा मुहैया करने का यह वादा मेरे संकल्प पत्र में भी शामिल था। शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति और उज्जवल भविष्य की सबसे सशक्त नींव है। जब कम फीस पर सर्वसुविधायुक्त नए शैक्षणिक संस्थान की सुविधा प्राप्त होती है तो वहाँ केवल भवन ही नहीं बनता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का सुनहरा भविष्य संवारने का द्वार भी खुलता है। इस विद्यालय के लोकार्पण से क्षेत्रीय वार्ड और आसपास के हजारों विद्यार्थियों को बेहतर पठन-पाठन की सुविधा मिल सकेगी। यह विद्यालय कटनी की आने वाली पीढ़ियों के सपनों का सारथी बनेगा।

महापौर श्रीमती सूरी ने सांसद विष्णु दत्त शर्मा को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में शाला भवन निर्माण संभव होने की बात कही जाकर मंच के माध्यम से उनके अथक प्रयासों से नगर को केन्द्रीय विद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण सौगात मिलने पर आभार व्यक्त किया। महापौर श्रीमती सूरी ने नागरिकों की सुविधा हेतु पासपोर्ट ऑफिस की सौगात की मांग रखते हुए, बहुमूल्य उपस्थिति हेतु नगर वासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इन सुविधाओं से परिपूर्ण है बिल्डिंग

नव निर्मित निषाद स्कूल की बिल्डिंग में जी प्लस वन स्ट्रक्चर के सभी आठ कक्षों में छात्रों के बैठने की समुचित व्यवस्था है। उच्च गुणवत्ता के खिड़की दरवाजे, लाइट फिटिंग के साथ ही समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं वेंटिलेशन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बिल्डिंग में छात्रों के आवागमन हेतु पर्याप्त गैलरी के साथ ही छात्रों हेतु पृथक पृथक टॉयलेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



# वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कृषि विभाग बहोरीबंद में पदस्थ रहे वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आर के चतुर्वेदी 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्त पर मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।आर के चतुर्वेदी ने करीब 41 वर्ष से अधिक समय कृषि विभाग के विभिन्न पदों पर पदस्थ रहकर अपनी कुशल सेवाएं दी।उनके सेवानिवृत्त पर उनकी विदाई समारोह में कार्यक्रम मै विधायक प्रणय पांडेय कहा कि आज कृषि विभाग के एसएडीओ आर के चतुर्वेदी को विदा करते हुए हम सब को बहुत दुख हो रहा है। परंतु सभी शासकीय अधिकारी -कर्मचारियों को सेवानिवृत्त की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।यह शासन-प्रशासन की ओर से अधिकारी कर्मचारियों के लिए अंतिम प्रक्रिया होती है। विकासखंड से लेकर जिले भर मै कृषि के हर क्षेत्र कार्य किया गया उनके द्वारा किये गये अमूल्य योगदानो के लिए उन्हें धन्यवाद देते है उनकी ईमानदारी, परिश्रम ओर जनसेवा की भावना हम सभी के लिए एक मिशाल है आर के चतुर्वेदी के द्वारा अपने सेवा काल मै कृषि के क्षेत्र मै किसानों को उन्नत शील कृषक बनाने तेवरी मै स्वीटकार्न फसल की प्रदर्शनी लगवाई ओर कृषको को तकनीकी सलाह दी। आज तेवरी का स्वीटकार्न जिले सहित दूसरे राज्यों मै पहचान बना चुका है!तेवरी सहित आसपास के दर्जन भर गावों के किसान स्वीट कार्न की खेती कर अच्छी आमदनी कमा रहे है। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सहायक संचालक मनीष मिश्रा, एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कृषि पूनम गर्ग मौजूद थीं।

## पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, आरोपी पर कई प्रकरण हैं पंजीबद्ध

# लंबे समय से फरार 10 हजार रूपए का ईनामी शातिर बदमाशा हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लूट की वारदात के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे ईनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा की गई।

लूट की वारदात में वांछित एवं 10,000 का ईनामी शातिर अपराधी करन उर्फ टीच पारधी निवासी मदार टेकरी, हरदुआ थाना कुठला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की तलाश में था और जबलपुर, मैहर और कटनी सहित विभिन्न जिलों में लूट की घटनाओं में सक्रिय था।

दिनांक 15/09/2025 को प्रार्थी अखिलेश पिता स्व. सुशील कुमार श्रीवास्तव, निवासी मानसरोवर कॉलोनी, थाना माधवनगर, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जबलपुर से लौटते समय अज्ञात आरोपियों ने चाकू दिखाकर सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और मोबाइल सहित लगभग ₹2.72 लाख की लूट की। घटना पर थाना स्लीमनाबाद में अपराध क्र. 368/25 धारा 309(6) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### अब तक की कार्यवाही

पुलिस ने विवेचना के दौरान पहले तीन आरोपियों रुआ पारधी पिता कमलेश पारधी, निवासी हरदुआ मदार टेकरी, संजय उर्फ संजू पिता नारायण प्रसाद सोनी,



निवासी चडंकि नगर ,अंकित उर्फ अखिलेश सोनी पिता बृजेश कुमार सोनी, निवासी बालाजी नगर को गिरफ्तार कर इनसे 43.710 ग्राम सोना (कीमती लगभग 4,50,000) बरामद किया गया।

मुख्य आरोपी करन उर्फ टीच पारधी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा 10,000 का ईनाम घोषित किया गया था। लगातार की जा रही खोजबीन के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने जुर्म स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर 2200 नगदी व एक चाकू बरामद हुआ।

### अन्य आपराधिक प्रकरण

आरोपी करन उर्फ टीच पारधी एवं उसके साथियों के विरुद्ध जबलपुर, मैहर और कटनी जिलों में कई प्रकरण पंजीबद्ध हैं जिनमें थाना सिहोरा जिला जबलपुर – अपराध क्र. 378/25 धारा 309(4), 311 बीएनए, थाना खितौला जिला जबलपुर – अपराध क्र. 192/25 धारा 310(2) थाना मैहर जिला सतना – अपराध क्र. 512/25 धारा 309(6) बीएनएस बस स्टैंड चौकी, थाना कोतवाली कटनी – अपराध क्र. 529/25 धारा 309(4) , थाना स्लीमनाबाद जिला कटनी – अपराध क्र. 368/25 धारा 309(6) बीएनएस के तहत मामले दर्ज है।

## वृद्धजनों का किया गया सम्मान, उपहार किये भेंट



अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर बुधवार 1 अक्टूबर को कलेक्टर आशीष तिवारी कटनी शहर में दद्दा धाम स्थित श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम पहुंचकर सभी वृद्धजनों से भेंट किया और शाल– श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।इस मौके पर निगमायुक्त और जिला पंचायत की सीईओ सुश्री तपस्या परिहार और अतिरिक्त सीईओ अनुराग मोदी भी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री तिवारी ने श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम के पुरुष वृद्धजनों को ट्रैक सूट और महिलाओं को साड़ी का उपहार भेंट किया। कलेक्टर ने श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम के परिसर का भी भ्रमण किया। इसके पूर्व कलेक्टर श्री तिवारी और निगमायुक्त सुश्री परिहार ने गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दाजी के समाधि स्थल पहुंच कर पुष्पांजलि अर्पित की और माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर श्रीकृष्ण वृद्ध आश्रम के पंडित नीरज त्रिपाठी, मोहन केसरवानी, अशोक गेडा ,दीपक दुबे ,दीपक जैन, गोविंद पटेल ,राम किशोर यादव ,केपी सिंह, संतोष गुप्ता, राहुल गर्ग, कृष्णा विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप जिले के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से कटनी जिले में 2 अक्टूबर से ₹दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान" प्रारंभ किया जायेगा। इसके गांव-गांव तक व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने आज बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार भी मौजूद रहीं। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत गाँव-गाँव पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जायेगा और उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किये जाने के साथ आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। अभियान 3 चरणों में चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जायेगी। अभियान 9 अक्टूबर तक चलेगा। ग्रामीणों को सहज सूचना की दृष्टि से गाँवों में मुनादी पिटवाकर भी इसकी जानकारी दी जायेगी।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डा आर के सोनी ने बताया गया कि अभियान में 10 या 10 से अधिक गौ-वंश रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जायेगा। अभियान के द्वितीय चरण में 5 या अधिक गौ-वंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गौ-वंश रखने वाले पशुपालकों से सम्पर्क किया जायेगा। अभियान के अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी एवं मैत्री द्वारा पशुपालकों से गृह भेंट की जायेगी और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक किया जायेगा। साथ ही पशुओं में टैग लगाने संबंधी जानकारी भी एकत्र की जायेगी।

## स्वरोजगार एवं औद्योगिक गतिविधियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

# स्वरोजगार योजनाओं के ऋण वितरण कार्य में तेजी लाने बैकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रोजगार, औद्योगीकरण एवं निवेश संवर्धन, कौशल विकास, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ऋण योजनाओं, एमएसएमई सरलीकरण, उद्योगों व एमएसएमई को भूमि आवंटन, पीएम गतिशक्ति योजना, स्टार्टअप और एक जिला एक उत्पाद योजना के साथ स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर को कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी अनिल राठौर, द्वारा एमपीआईडीसी के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक क्षेत्रों की गतिविधियों और प्रस्तावित कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी । कलेक्टर ने जिले में औद्योगिक गतिविधियों के विकास एवं विस्तार हेतु डीपीआर तैयार करने सहित अधोसंरचनात्मक कार्यों की भी प्रगति की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने समीक्षा बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा नवीन पॉलिसी 2025 जैसे-एमएसएमई प्रोत्साहन योजना, भू-आवंटन संबंधी नियमों की समीक्षा की ।साथ ही कलेक्टर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एलडीएम को निर्देशित किया की बैंकों से स्वरोजगार योजनाओं के ऋण वितरण कार्य में तेजी लाने सार्थक प्रयास किए जाएं।

कौशल विकास योजना के तहत प्राचार्य आईटीआई द्वारा आईटीआई में प्रवेश एवं रोजगार की जानकारी दी गयी। साथ ही मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति की भी कलेक्टर श्री तिवारी ने गहन समीक्षा की। इस मौके पर प्राचार्य,शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय ने बताया कि छात्रों का शत-प्रतिशत सभी ब्रांचों में प्रवेश दिलाया गया है एवं छात्रों की 75 से 80 प्रतिशत के बीच उपस्थिति भी रहती है।

जिला रोजगार अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक माह रोजगार स्वरोजगार अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है एवं मेले के माध्यम से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कई नामी गिरामी कंपनियों में रोजगार दिलाया जा रहा है।

बैठक में कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी जबलपुर, अनिल राठौर, आरपी चक्रवर्ती मुख्य महाप्रबंधक एमपीआईडीसी, श्रीमति ज्योति सिंह महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी, प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज नरेन्द्र बरखेडकर,प्राचार्य आईटीआई श्री पांडेय, एल डी एम, उद्यानिकी विभाग, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विकास डॉ आर के सोनी आदिम जाति कल्याण विभाग के विमल चौरसिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में कटनी में स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# किसानों को केन्द्र से जुड़कर तकनीकी खेती का देता है सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर का 62वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर संजय वैशम्पायन के मार्ग निर्देशन में एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ यति राज खरे, डॉ आरपी बेन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र कटनी, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित है जो कटनी जिले में 2007 से तकनीकी स्थानांतरण का कार्य करता है।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर की स्थापना 1 अक्टूबर 1964 को मध्य प्रदेश शासन द्वारा अधिनियम 1964 (1964 का क्रमांक 15) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय शत प्रतिशत सरकार द्वारा वित्त पोषित राज्य कृषि विश्वविद्यालय है जो मध्य प्रदेश राज्य में कृषि विकास के लिए सरकार द्वारा वित्त पोषित कृषि अनुसंधान, शिक्षा एवं कृषि विस्तार पर कार्य करता है। राज्य सरकार की सहायता से भारत के हृदय में जबलपुर में सबसे बड़ा बहू परिसर विश्वविद्यालय स्थापित किया गया जिसका नाम जवाहरलाल नेहरू के नाम पर रखा गया जो कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की अवधारणा पर राधाकृष्णन आयोग 1949 की सिफारिश पर आधारित था संयुक्त राज्य अमेरिका की लैंड ग्रांट कॉलेजों की दर्ज पर 1954-55 और 1959-60 में कृषि अनुसंधान और शिक्षा पर संयुक्त भारत - अमेरिकी टीम के माध्यम से विशेषज्ञ और किसानों के बीच की खाई को कम करने के लिए एक दृष्टिकोण की परिकल्पना की गई थी 1 अक्टूबर 1964 को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय अस्तित्व में आया और और इसका उद्घाटन तत्कालीन केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्रीमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कटनी जिले में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र 2007 से किसानों को केंद्र से जुड़कर तकनीकी खेती करने को सुझाव देता है। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशम्पायन ने कहा कि केंद्र जिले में किसानो के कल्याण हेतु सराहनीय कार्य कर रहा है, कृषि तकनिकी हस्तानांतरण हेतु जिले में कृषि वैज्ञानिक डॉ आर.के मिश्रा, डॉ शशि गौर,,डॉ यति राज खरे, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आर.पी बैन,डॉ के पी द्विवेदी डॉ संदीप चंद्रवंशी, प्रियंका धुर्वे कार्य कर रहे है।

वैज्ञानिक ने किसान हितेषी योजनाओं की जानकारी दी और केंद्र द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा उन्होंने कृषि विज्ञानं केंद्र की वर्तमान स्थिति पर प्रशंसा व्यक्त किया और बताया गया कि केंद्र पर कृषि तकनीक से जुड़ी प्रदर्शन इकाइयां कार्य कर रही हैं जिसे किसानों को प्रायोगिक ज्ञान मिल सके कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वैज्ञानिकों ने किसानों को हरी खाद तैयार करने की जानकारी दी एवं प्राकृतिक खेती करने हेतु किसानो को तकनीकी जानकारी देकर सुझाव दिया कार्यक्रम सराहनीय और प्रशंसनीय रहा।

### नियम के उल्लंघन पर लायसेंसी एवं सेल्समेन पर दर्ज हुआ मामला

**कटनी।** शटर बंद होने के बाद भी शराब की बिक्री किये जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। 29-30 सितंबर की दरमियानी रात लगभग 1 बजे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें गर्ग चौराहा स्थित देशी-अंग्रेजी कम्पोजिट शराब दुकान का शटर बंद होने के बावजूद भीतर से अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। यह पूरा घटनाक्रम वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। वायरल वीडियो को कोतवाली पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच की। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि गर्ग चौराहा देशी-अंग्रेजी कम्पोजिट दुकान संचालक द्वारा नियत समय सीमा का उल्लंघन कर अवैध शराब विक्रय किया जा रहा था। इस पर लायसेंसी शुभम जायसवाल एवं सेल्समेन के विरुद्ध थाना कोतवाली कटनी में अपराध क्रमांक 843/2025 धारा 223 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में जारी निर्देशों के अनुसार मदिरा विक्रय का समय प्रातः 09:30 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक निर्धारित है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है। लायसेंसी द्वारा इस समयावधि का उल्लंघन नियमों का गंभीर हनन है। प्रकरण दर्ज किए जाने के साथ-साथ लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी प्रस्तावित की जा रही है, ताकि भविष्य में कोई भी संचालक अवैध शराब विक्रय करने का दुस्साहस न कर सके।

# ग्राम सभाओं का सम्मिलन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 6 में निहित प्रावधानों के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने 2 अक्टूबर 2025 से ग्राम सभाओं के सम्मिलन के चरणबद्ध आयोजन के आदेश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं के संबंध में नियमित एजेंडा बिंदुओं के साथ स्थानीय कार्य सूची (विषय) को शामिल करते हुए ग्राम सभाएं आयोजित किए जाने को निर्देशित किया है। जारी आदेश के मुताबिक ग्राम सभाओं के आयोजन हेतु पूर्व में नियुक्त स्थाई नोडल अधिकारियों के माध्यम से शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार ग्राम सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री तपस्या परिहार ने ग्राम सभाओं के व्यापक प्रसार प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं।

### इन विषयों पर चर्चा होगी


पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आयोजित ग्राम सभा में वन विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत पंचायत राज, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित निर्धारित बिंदुओं एवं स्थानीय विषयों पर चर्चा होगी। ग्राम सभा आयोजन के दौरान बैठक की वीडियोग्राफी, भले ही वह मोबाइल रिकॉर्डिंग के माध्यम से हो सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ साथ पंचायत निर्णय पोर्टल पर सुसंगत प्रविष्टियां किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

## 22 देवी प्रतिमाओं का गौरेया नदी में होगा विसर्जन

# तेंदूखेड़ा में आज मनाया जायेगा दशहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर में आज देवी प्रतिमाओं को उनके स्थान से निकाला जायेगा उसके बाद नगर में सभी देवियों की शोभायात्रा में घूमेगी उसके बाद कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन रात्रि में हो जायेगा बाकी बची प्रतिमाओं का विसर्जन शुकवार सुबह सुबह होगा। तेंदूखेड़ा नगर में 22 देवी प्रतिमाओं की स्थापना हुई है उनका विसर्जन गुरुवार को होगा पुलिस पुलिस प्रशासन ने दशहरा चल समारोह में व्यवस्थाओं के लिए व्यवस्था बना ली है देवी प्रतिमाओं का विसर्जन नगर की गौरैया नदी में होगा बैठक के दौरान इस पर सहमति बनाई गई थी नगर परिषद ने विसर्जन स्थल पर सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर दिया था।



### कैमरे से होगी निगरानी

नगर में लगे कैमरे बंद थे थाना प्रभारी के दुबारा इसकी सूचना नगर परिषद सी एम ओ को दी गई। जानकारी लगते ही सी एम ओ ने तत्काल सुरक्षा दृष्टि को देखते हुये नगर में लगे सभी कैमरों को चालू कराया है। कैमरों का कंट्रोल रूम थाने में बना है इसलिए नगर की पूरी व्यवस्थाओं के साथ हरगति विधि पर पुलिस कैमरों के माध्यम से नजर रख सकती है। सी एम ओ पीयूष अग्रवाल ने बताया नगर में लगे मार्गो के कैमरे चालू करवा दिये है

### बंद कैमरे हुए चालू तीसरी आंख से होगी निगरानी

विसर्जन स्थल पर बिजली साफ सफाई की व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी है। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतेश जैन ने बताया गुरुवार को तेंदूखेड़ा में दशहरा मनाया जायेगा। गुरुवार की रात्रि से शुकवार की सुबह तक गौरैया नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। नगर में टोटल 22 देवी प्रतिमाएं स्थापित है लगे ग्रामों में बिराजी देवी प्रतिमाओं का विसर्जन भी गुरुवार और शुकवार को होगा सभी समितियों के सदस्यों से विशेष अपील है पूर्ण शान्ति के साथ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन करे।

# शहर में धूमधाम से निकाली गई चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस बार भी श्रीमती संध्या रोशन नायक के द्वारा चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन बालक दुर्गा उत्सव समिति, गार्ड लाइन से प्रारंभ हुआ, जहां महेंद्र पंडित जी ने विधि-विधान से चुनरी का पूजन कराया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की गूंज के बीच माता रानी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो उठा। चुनरी यात्रा गार्ड लाइन से प्रारंभ होकर राय चौराहा, घंटाघर, बड़ा पुल, महाकाली तिगड्डा होते हुए फुटेरा रेलवे फाटक से गुजरते हुए मां बड़ी देवी मंदिर पहुंची, जहां भक्तों ने माता रानी के चरणों में चुनरी समर्पित की।

यात्रा में महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही। रास्ते भर भक्त माता रानी के भजनों पर झूमते-नाचते रहे और जगह-जगह चुनरी का पूजन किया गया। महिलाओं और बच्चों में अद्भुत उत्साह देखने को मिला।

आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी निभाने वाली श्रीमती संध्या रोशन नायक, जो कि बांदकपुर जागेश्वरनाथ मंदिर नायक पुजारी परिवार की बहू हैं, ने कहा — "बचपन से हम माता रानी को बड़े कुआं गार्ड लाइन में नवरात्र पर विराजमान करते आ रहे हैं। दमोह नगर की खुशहाली और मां के आशीर्वाद हेतु हर वर्ष चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाता है।"

इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर, सुशील शिरोठिया, राधा तिवारी, कांग्रेस नेत्री गीता लोधी, अंजली राय, रितु चौबे, नीलू तिवारी, रश्मि तिवारी, अंजू विश्वकर्मा, संजू तिवारी, पवन चक्रवर्ती, पार्वती, विशाल चौबे, रामू विश्वकर्मा, रामचरण, टिंकल, दीपक, विवेक, सिवांस, सूजल, अनिकेत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और धार्मिक लाभ प्राप्त किया।

## आज तारादेही में धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा...

# भजन गायिका संजो बघेल देंगी अपनी प्रस्तुति

**तारादेही/तेंदूखेड़ा।** ग्राम तारादेही में नवरात्रि पर्व पर माता रानी की आराधना की जा रही है। सबसे बड़ी बात है कि सम्पूर्ण ग्राम में एक ही स्थान बस स्टेंड रेंज परिसर में माता रानी की स्थापना की जाती है। इसके अलावा पिछले 53 सालो से लगातार एक ही परिवार के द्वारा माता रानी का पूजन करते आ रहे है। जिसमें सबसे पहले स्वः पंडित श्याम सुंदर शास्त्री एवं इसके बाद लगभग 20 सालो से इनके पुत्र पंडित रमेश शास्त्री गुन्जौरा के द्वारा पूजन की जा रही है। जिस कारण सम्पूर्ण ग्रामवासियों ने लगातार पूजन करते आ रहे पंडित रमेश चंद शास्त्री का फूलमालाओ एव साल श्रीफल से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा ग्राम की सम्पूर्ण जैन समाज ने भी साल श्रीफल एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया है। साथ ही पूजन में सहयोग करने बाले पंडित जगदीश तिवारी एवं पंडित राजेश दुबे का भी सम्मान किया गया। इसके अलावा आज दशहरा मनाया जाएगां जिसमें माता रानी की धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली जाएगीं। साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत के उपलक्ष्य में रावण दहन किया जाएंगा। रात्रि में मध्य प्रदेश शासन के धर्मस्व व संस्कृति विभाग के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की उपस्थिती में भजन गायिका संजो बघेल के टीम के द्वारा भजनो का आयोजन किया जाएगां। सम्मान कार्यक्रम में तिलक सिंह, उपेंद्र सिंघई, अखिलेश सिंघई, ठाकुर छप्पन सिंह, ठाकुर लक्ष्मण सिंह, राजा सिंह, प्रमोद चैधरी, मुकेश व्या सरपंच, विशाल पटैल, मानक सिंह घोषी, छुट्टन सिंह ठाकुर, खिलान सिंह, प्रहलाद सिंह, कमल ठेकेदार, कल्लू, अर्जुन सिंह, शिब्बू, कैलाश बरानिया, गोविंद घोषी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गुड्डा सिंह ठाकुर एवं शैलेंद्र घोषी ने किया।

# बनवार-बम्हौरी में हुआ हवन, कन्या भोज, प्रतिमाओं का विसर्जन आज



**बनवार।** शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर जिलेभर में मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना भक्ति और श्रद्धा के साथ की गई। बनवार एवं बम्होरी अंचल में सुबह से हवन-पूजन का क्रम शुरू हुआ, जो दोपहर तक चलता रहा। इसके उपरांत कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। आज ही महानवमी और विजयादशमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने दुर्गा प्रतिमाओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर कन्या भोज कराया और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। बनवार के प्रसिद्ध खेर माता मंदिर में भक्तों ने विशेष हवन किया। पंडित ऋषिकांत गर्ग ने दुर्गा सप्तशती के श्लोकों के साथ हवन संपन्न कराया। पंडित गर्ग ने बताया कि अष्टमी और नवमी के दिन हवन करना अत्यंत शुभ फलदायी माना गया है। मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है। शाम से बनवार और बम्होरी क्षेत्र में विशाल चल समारोह के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन प्रारंभ होगा, जो देर रात तक चलेगा। विसर्जन यात्रा में भक्तजन ढोल-नगाड़ों, DJ और जयकारों के साथ शामिल होकर माता रानी को विदाई देंगे।

# वन विभाग के लिए स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार गेम परिक्षेत्र सर्रा, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन विश्रामगृह सर्रा में मैदानी अमला के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आयुष विभाग जिला दमोह के सहयोग से सफल स्वास्थ्य प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित टीआर कुलस्ते द्वारा बताया गया कि मैदानी अमला जो वन क्षेत्र में



ही रहकर कार्य करते हैं तथा इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंच पाते हैं। उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया है यदि हमारा मैदानी वन अमला स्वस्थ रहेगा तो मैदानी अमला स्वस्थ मन से एवं उच्च ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे जिससे उनके कार्य क्षमता में वृद्धि होगी तथा उच्च गुणवत्तापूर्ण कार्य करेंगे जिससे स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण होगा। पेड़ पौधों एवं वन प्राणियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। आयुष विभाग संस्था प्रभारी आयुष्मान आरोग्यम मंदिर सर्रा में पदस्थ डॉ. रामराज सिंह ने बताया जिसके त्रिदोष (वात,पित्त,कफ) संतुलित हों, जठराग्नि (पाचन शक्ति) सामान्य हो, धातु (रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र) और मल (मूत्र, पुरिष, स्वेद) की क्रियाएँ संतुलित रूप से हो रही हों, और जिसका मन, इन्द्रियाँ एवं आत्मा प्रसन्न हों। वही व्यक्ति स्वस्थ कहलाता है। योग प्रशिक्षक मुकेश सिंह ठक्कर ने योग की परिभाषा बताते हुए योग का मतलब होता है जुड़ना, मिलना बताया एवं श्री भगवत गीता के दूसरे अध्याय के 48 में श्लोक में लिखा है ष्समत्वं योग उच्यतेष का अर्थ है कि सफलता और असफलता, सुख और दुःख, लाभ और हानि, किसी भी परिस्थिति में मन को समान या संतुलित रखना ही योग है। शिविर में 50 लोगों का बीपी, शुगर एवं अन्य बीमारियों का परीक्षण किया गया कार्यक्रम मंक मुख्य रूप से गेम परिक्षेत्र अधिकारी सर्रा टीआर कुलस्ते, डॉ रामराज सिंह, योग प्रशिक्षक मुकेश सिंह ठक्कर, सरपंच सर्रा दिनेश खरे, पूर्व सरपंच बांसी, आयुष विभाग कर्मचारी हेमंत असाटी, बबलू सिंह ठाकुर, योग सहायक राखी जैन, वन अमला अनूप शुक्ला, बृजेश सेन, जितेंद्र गुर्जर, जगराम प्रजापति ,मुनेंद्र रैकवार ,राम सिंह, पंकज पटेल, संतोष यादव, आशीष मिश्रा, पुनीत सिंह, कैलाश पटेल,मोहन कुर्मी, शंकर सिंह ठाकुर, आदि उपस्थित रहे।

# विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**दमोह।** माधवराव सपे शासकीय महाविद्यालय पथरिया प्राचार्य डॉ विनय वर्मा के निर्देशन में महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा मनाया गया. जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 01 अक्टूबर को "सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पौधों का रोपण किया गया है। यह वृक्षारोपण महाविद्यालय में एन एस एस कार्यक्रम प्रभारी डॉ जगदीश अहिरवार एवं डॉ संध्या शर्मा के तत्वाधान में किया गया। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत छात्रों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत श्रमदान, स्वास्थ्य शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ विनय वर्मा, सुधीर साहू डॉ बलवीर ठाकुर एवं महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उपस्थिति रही।

## मां काली की महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# नरसिंह देवालय से आनंद धाम तक चली भक्ति की चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा नगर में विजयदशमी का पर्व इस बार नगरवासियों के लिए भक्ति और उल्लास का अद्भुत अनुभव बनकर उभरा। नगर के प्रसिद्ध नरसिंह देवालय से शुरू हुई चुनरी यात्रा, जिसमें युवाओं और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, आनंद धाम पुरेनहाउ स्थित श्री काली मां को चुनरी अर्पित करने के लिए निकाली गई। यात्रा के मार्ग पर नगरवासियों और भक्तों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भक्तों के भक्ति भाव और उत्साह ने नगर के वातावरण को दिव्यता और उल्लास से भर दिया। यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। यात्रा का समापन आनंद धाम में हुआ, जहां श्री काली मां को चुनरी अर्पित किया गया और दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी महाराज द्वारा खप्पर महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही, मां भगवती सिद्धेश्वरी मैया की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद भागवत कथा एवं संत समागम का भव्य आयोजन दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में 25 नवंबर से 3 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। इस भव्य आयोजन का पोस्टर विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, मंत्री प्रतिनिधि सतेन्द्र सिंह लोधी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके अलावा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन आनंद धाम परिसर में किया गया। भक्ति, उत्साह और सामूहिक श्रद्धा से सराबोर यह आयोजन नगरवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और आनंद का स्त्रोत बन गया, और विजयदशमी के पर्व को नगरवासियों ने अद्भुत उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया।

# 500 कन्याओं के चरण पखारकर कराया कन्या भोज



**बनवार ।** ग्राम जुझार स्थित राधा कृष्ण मंदिर में इस वर्ष भी नवदुर्गा उत्सव समिति ने परंपरा को जीवित रखते हुए हवन पूजन के बाद विशाल कन्या भोज का आयोजन किया। दोपहर 2 बजे से शुरू हुए इस आयोजन का भक्तिमय माहौल शाम 7 बजे तक बना रहा। गांव की गलियों और चौपालों से सजी धजी छोटी बच्चियां माता का रूप मानकर मंदिर पहुंचीं तो पहले उनके चरण पखारे गए, फिर कुमकुम से तिलक कर श्रद्धा और स्नेह के साथ भोज कराया गया। लगभग 500 कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया और उसके उपरांत मां दुर्गा के भक्तों ने भी भंडारे का आनंद लिया। समिति सदस्य हेमेंद्र असाटी राजन ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से ग्राम जुझार में मां दुर्गा की प्रतिमा एक ही स्वरूप में विराजमान होती आ रही है और इसी भक्ति परंपरा के तहत कन्या भोज भी हर वर्ष श्रद्धा के साथ कराया जाता है। इस आयोजन में पंडित तेजेंद्र तिवारी, कड़ोरी सेन, कैलाश आदिवासी, पप्पू सिंह पटेल, रज्जू सिंह ठाकुर, शुभम असाटी, परम विश्वकर्मा, खिलान महोबिया, नीरज महोबिया, धर्मेंद्र अठया, महेश सेन, मलकू पटेल, राम सेन, पवन सिंह ठाकुर, देवेंद्र विश्वकर्मा, भागीरथ सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र महोबिया, हनुमत सिंह ठाकुर, केशव सिंह ठाकुर, सत्यम सिंह ठाकुर, गनेश सिंह ठाकुर, भोला सेन, गोपाल सिंह ठाकुर, छोटेलाल सेन, पूरन पटेल, रामकुमार सेन, अंकित सिंह ठाकुर, हल्ले सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। गांव का यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि सामाजिक सौहार्द और परंपरा का प्रतीक बन चुका है जहां हर वर्ष हजारों भक्त एक साथ जुटकर मां दुर्गा की आराधना और कन्या पूजन की अनूठी परंपरा को जीवित रखते हैं।

# किसानों को मिलेगा सोयाबीन का पूरा समर्थन मूल्य

## भावांतर भुगतान योजना 2025 लागू- कलेक्टर

### 3 अक्टूबर से पंजीयन प्रारंभ
### 24 अक्टूबर से मंडियों में सोयाबीन की खरीद प्रारंभ होगी
### 15 जनवरी तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई भावांतर योजना का उद्देश्य एक ही है कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित और सम्मानजनक मूल्य मिले और हर किसान की आय में वृद्धि हो, खेती लाभ का व्यवसाय बने और इसमें जो सबसे प्रमुख बात यह है कि जो सोयाबीन का घोषित समर्थन मूल्य 5,328 रुपए है वह किसान को पूरा मिले और यदि मान लीजिए उस मंडी के मॉडल भाव या विक्रय मूल्य में कोई अंतर है तो उस अंतर की राशि राज्य सरकार वहन करेगी ताकि किसान को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा तो भावांतर भुगतान योजना 2025 लागू कर दी गई है इस योजना के अंतर्गत सबसे पहला काम किसानों के लिए होगा, यह सोयाबीन फसल के लिए लागू किया गया है दूसरी बात इसमें 3 अक्टूबर 2025 से पंजीयन प्रारंभ हो रहा है और ध्यान देने की बात सबसे महत्वपूर्ण किसानों के लिए यह है कि पंजीयन समाप्ति की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है क्योंकि उसके बाद 18, 19, 20, 21 अक्टूबर चारो दिन दीपावली की छुट्टिया है तो 17 अक्टूबर को आखरी तिथि रखी गई है इन 15 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लेना है क्योंकि इसके बाद फिर पंजीयन की तिथि नहीं बढ़ेगी तो किसान भाई पंजीयन 03 अक्टूबर से लेकर 17 अक्टूबर तक पंजीयन अनिवार्य रूप से करा लें और इसमें हमारा जो ई-उपार्जन पोर्टल है उस पर पंजीयन अनिवार्य होगा।

उन्होने कहा कि आज हम पंजीयन केंद्रों की सूची जारी कर रहे हैं उन पंजीयन केंद्रों पर आप पंजीयन करा सकते हैं और किसान के लिए इसमें महत्वपूर्ण बात यह है कि जैसा पहले हुआ करता था कि किसान अपने सोयाबीन की उपज है वह मंडी में जाकर के बेचेंगे अब अलग से उपार्जन केंद्र नहीं बनेंगे, किसान अपनी उपज को ले जाकर के मंडियों में बेचेंगे और यह महत्वपूर्ण बात है कि एफ़ेक्यू फसल होना जरूरी है जिसको कहा जाता है उचित औसत गुणवत्ता की फसल। पंजीयन 03 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे हैं पंजीयन के लिए हम पंजीयन केंद्र स्थापित कर रहे हैं वहां पर भी पंजीयन करा सकते हैं ग्राहक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाईन, कियोस्क और एमपी किसान ऐप पर करा सकते हैं पंजीयन का दौर खत्म होने के बाद जब उपार्जन की बारी आएगी या खरीदने की बारी आएगी तो हमारे किसान फसल का विक्रय 24 अक्टूबर से करेंगे तो 24 अक्तूबर से मंडियों में सोयाबीन की खरीद प्रारंभ होगी और यह 15 जनवरी तक चलेगी।

# वृद्धजन दिवस पर वृद्धों के लिये लगा स्वास्थ्य शिविर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत आज अंतराष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम देखभाल अंतर्गत वृद्धजन स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में आयोजित किया गया। इस सबंध में बीएमओ पथरिया डॉ. जतिन दुबे ने बताया बसंती बाई उम्र 110 वर्ष पथरिया, मुन्ना लाल पिता नंदे अहिरवार उम्र 105 वर्ष सासा एवं श्रीमति जमना बाई पति रतन उम्र 103 वर्ष सतपारा श्री सरजू पिता उमराव उम्र 101 वर्ष बोतराई के वृद्धजनों का स्वागत नायाब तहसीलदार दीपमाला सिंह एवं बी.एम.ओ डॉ जतिन दुबे के द्वारा मल्यार्पण, साल, श्रीफल भेट कर स्वल्पहार कराया गया। साथ ही वृद्धजनों की स्वास्थ्य की जॉच की गई। उन्होंने बताया शिविर में आये वृद्धजनो की नेत्र की जॉच, दंत सबंधी जाँच, एवं आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य संबंधी जाँचे की गई। शिविर में आये वृद्धजनो के 07 नये आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये। शिविर में कुल 45 वृद्धजनो की जाँच की गई, शिविर में मुख्य रूप से 100 वर्ष से अधिक के 04 लोग आये शिविर में डॉ॰ प्रियंका छावडा स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ अमित जैन एमबीबीएस, डॉ श्वेता पटैल एमबीबीएस, डॉ हेमंत बहेरिया बीडीएस द्वारा वृद्धजनो की जाँच एवं उपचार किया गया शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों भी उपस्थित रहे।

# थाने और तहसील पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



तेंदूखेड़ा नगर में राशन कार्ड ओर बी पी एल कार्ड मामले में प्रतिदिन नये नये खुलासे हो रहे है। अब पुलिस ने जब उस व्यक्ति को पकड़ा जिसकी नाम दर्ज रिपोर्ट हुई है तो पाल समाज के लोग बड़ी संख्या में पहले थाने और बाद में तहसीलदार कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर अधिकारियों से माग करते हुये कहा है पहले आप पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करे उसके बाद धन्नू को गिरफ्तार करे। धन्नू पाल को फर्जी राशन कार्ड मामले में आरोपी बनाया गया है क्योंकि उसके पास जो राशन कार्ड हैं वह गलत है यह बात अधिकारियों द्वारा कही गई है। और पुलिस ने पूछताछ के लिए धन्नू पाल को मंगलवार को थाने में बुलाया जिसके बाद बुधवार को बड़ी संख्या में पाल समाज के लोग समाज के पदाधिकारी और परिवार के लोग थाने पहुंचे। थाना प्रभारी से उन्होंने जानकारी ली बाद में थाना प्रभारी ओर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की माग रखी।

राजेश श्रीपाल राष्टीय गडरिया महासंगठन के महामंत्री ने बताया धन्नू पाल ने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था पहले पटवारी ने उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया और बाद में जब उसने पैसे दिये तो राशन कार्ड तैयार हो गया। अब उसको दोषी बनाया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। जबकि धन्नू के पास न तो भूमि है न खुदका मकान है। मजदूरी करता है फिर उसका राशन कार्ड पटवारी ने निरस्त क्यों कर दिया था पहले इसकी जांच कराई जाये। यदि धन्नू पाल भूमिवहींन मकानवहीन अपात्र है तो बड़े और सक्षम लोग कैसे राशन कार्ड के लिए है पात्र हो गये इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाये । जिन पटवारियों ने सक्षम लोगों को पात्र किया है उन पटवारियों पर पहले कार्यवाही की जाये। पुलिस ने धन्नू को मंगलवार को पूछताछ को बुलाया बुधवार को धनु घर नहीं गया। उसके बाद बड़ी संख्या में गडरिया संगठन के लोग पहले थाने पहुंचे मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, जनपद सदस्य संतोष पाल भी मौजूद थे। उनके साथ धनु पाल का पिता कक्कू पाल आया उन्होंने बताया मेरे पास मात्र सबा एकड़ जमीन है तीन पुत्र है सभी की शादी हो चुकी है। धन्नू पाल अलग रहता है न उनके नाम पर मकान है न कोई भूमि है। तो उसके द्वारा किया गया आवेदन पटवारी ने कैसे निरस्त कर दिया था बाद में जब धन्नू ने छ हजार रुपया दिये तो राशन बन गया। बीच में राशन मिलना बंद हुआ। तो सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई उसके बाद राशन मिलना शुरू हो गया था। गडरिया संगठन के बड़े बड़े पदाधिकारी बुधवार को तेंदूखेड़ा पहुंचे उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन देकर कहा पहले तो उस पटवारी की जांच कराई जाये। उसके बाद यदि धन्नू दोषी पाया जाता है तो उसको गिरफ्तार किया जाये। यदि धन्नू बिना जांच के जेल जाता है तो गडरिया समाज नदी स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगी और जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा।

तेंदूखेड़ा थाने में एफ आई करता तेंदूखेड़ा जनपद सी ई ओ मनीष बागरी है उनसे मामले में धन्नू पाल को लेकर चर्चा की तो उन्होंने बताया शिकायतकर्ता ने नामदर्ज शिकायत की थी जांच में धन्नू पाल को पटवारी प्रतिवेदन में 19 अंक मिले है जो अपात्र की श्रेणी में आता है। उसके बाद उसका राशन कार्ड बनाने तहसील कार्यालय से आदेश आया था जांच पड़ताल में वह आदेश फर्जी निकला है। इसलिए प्रथम दृष्टि में धनु पर मामला दर्ज कराया गया है आगे पुलिस जांच कर रही है ।

### तहसील ग्राउंड में हुआ रावण दहन कार्यक्रम, धू धू कर जला रावण

# श्रीराम ने बुराई के प्रतीक रावण का किया अंत







हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

असत्य पर सत्य की, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी पर होने वाले रावण दहन को लेकर शहरवासियों में काफी उत्साह रहता है। शहर में हर साल की तरह इस साल भी बुधवार को शहर के तहसील ग्राऊंड में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। दमोह में रावण दहन की परंपरा कुछ हटकर है. यहां दशमी नहीं बल्कि नवमी के दिन रावण दहन किया जाता है। बुधवार को प्रभु श्री राम जी अपनी सेना के साथ शहर भ्रमण करते हुये तहसील ग्राऊंड पहुंचे जहां राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। तहसील ग्राऊंड में इस वर्ष 51 फुट का रावण का पुतला बनाया गया जो कि लोगो के लिये आकर्षण का केंद्र रहा। प्रभु श्री राम, लक्ष्मण व हनुमान की जीवंत झांकियों के रूप मे जुलूस के साथ शहर के मोरगंज गल्ला मंडी से निकले जो घंटाघर होते हुये तहसील ग्राऊंड पहुंचे जहां पर कार्यक्रम शुरू हुआ। रास्ते में जगह जगह प्रभु श्री राम की आरती उतारी गई। जुलूस में रावण की भी झांकी रही जिसे देखने होड रही रही। तहसील ग्राऊंड में युद्ध का मंचन शुरू हुआ जिसमें लोगो को काफी आनंद आया। इसी बीच प्रभु श्री राम ने एक बाण चलाकर अहंकार, बुराईयों के प्रतीक रावण का अंत कर दिया। पूरा ग्राऊंड आतिशबाजी से रोशन हो उठा और सभी जय श्री राम के नारे लगाये। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को असत्य पर सत्य की जीत के पर्व विजयदशमी की शुभकामनायें दी।

### नौ दिवसीय अखंड संकीर्तन भंडारा आज

दमोह। जबलपुर नाका परशुराम टेकरी के नीचे माता मंदिर में नौ दिवसीय अखंड संकीर्तन पाठ का आयोजन चल रहा था संयोजक पुरूषोतम चौबे हरिओम ने बताया कि नौ दिवसीय अखंड संकीर्तन के विराम के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 12 से रात्रि 8 तक किया गया है जिसमें सभी धर्म प्रेमी सादर प्रसाद ग्रहण पधारे।

### त्रि-मासिक निरीक्षण कल

दमोह। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा नवीन ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयर हाऊस (डायमंड पार्क के बाजू में) 03 अक्टूबर 2025 को शाम 5 बजे त्रि-मासिक निरीक्षण मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्राधिकृत पदाधिकारियों की मौजूदगी में करेंगे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्राधिकृत पदाधिकारियों /प्रतिनिधिगणों को समय पर उपस्थिति का आग्रह किया है।

# वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठजनों का सम्मान पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल सिंह ठाकुर, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने पुष्पगुच्छ और शाल श्रीफल भेंट कर किया। इस मौके पर वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विधायक श्री मलैया ने वृद्ध आश्रम को 30 पलंग पेटियाँ भेंट की। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सभी विकासखंड स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी तथा सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल सहित समाजसेवी रमाकांत वाजपेई, मनीष तिवारी, वृद्धाश्रम मैनेजर वीरेंद्र असाटी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री कोचर ने शतायु फूलबाई नामदेव को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उनकी कुशलक्षेम जानकर, उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। आश्रम में पंजीकृत सभी 30 वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नाक-कान-गला, आँख, दंत रोग, त्वचा एवं फिजियोथेरेपी संबंधी जांच की गई। 70 आयुवर्ग के 2 वरिष्ठजनों के वयवंदना योजना के तहत आयुष्मान कॉर्ड बनाए गए। आश्रम परिसर भक्ति और उल्लास के रंगों से परिपूर्ण रहा। भोपाल आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकार अरविंद टोंक ने गणेश वंदना और कबीर पंथ की निर्गुण भक्ति धारा पर आधारित भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियाँ दीं, जिसने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई में दोपहर पश्चात शतायु बुजुर्गों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमति मीना मसराम की उपस्थिति में नगर के दो शतायु वरिष्ठजन- 115 वर्षीय सिविल वार्ड निवासी श्रीमति झुरोबाई एवं वार्ड नम्बर 3 की रहने वाली 105 वर्षीय श्रीमती गुलबसा बी को शाल-श्रीफल और स्टील स्टिक भेंट कर सम्मानित किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर रीता चटर्जी, सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद पटेल सहित डॉ. मनीष संगतानी एवं जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई मैनेजर नरेश राठौर अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

### चिकित्सकों की मौजूदगी में हुआ आयोजन

जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप इकाई भवन में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान एवं 70 वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं नगर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. रघुनंदन चिले, डॉ. संजीव गुप्ता की विशेष उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रीता चटर्जी, सिविल सर्जन डॉ प्रहलाद पटेल ने वरिष्ठ नागरिकों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### दिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश

# कलेक्टर-एसपी ने शहर के विभिन्न मार्गों का लिया जाएजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी विसर्जन का पूरा कार्यक्रम बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके और व्यवस्थित रूप से संपन्न होगा। उन्होने बताया कि घंटाघर से लेकर के पूरा जो जुलूस मार्ग है उस मार्ग पर हमने सबसे पहली चीज जहां पर अखाड़ों का प्रदर्शन होता है वहां पर इस बात को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि किसी भी प्रकार से शस्त्र का प्रदर्शन होता है उससे किसी व्यक्ति को भी चोट न पहुंचे और वहां पर उसके लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएंगी जो भवन रास्ते में क्षतिग्रस्त है उनको चिन्हांकित कर रहे हैं और वहां पर बैरिकेटिंग और वहां पर व्यवस्था ऐसी लगाई जाएगी कि उन क्षतिग्रस्त भवनों पर कोई चढ़े ना ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो हमने यह भी निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि जब आखाड़े का प्रदर्शन कंप्लीट हो जाता है और उसके बाद कई बार ऐसा होता है कि लोग शस्त्र लेकर के गलियों और सड़कों में घूमते हैं तो यह बिल्कुल नहीं होना चाहिए और यदि ऐसा किया जाता है तो ऐसे लोगों के खिलाब फिर कारवाई की जाएगी। इसके अलावा जो रास्तों में वायर है जिसके कारण से झॉकियो के निकलने में बाधा उत्पन्न होती है तो एमपीईबी को निर्देशित किया गया कि पूरे रूट का भ्रमण करें और ऐसे वायरों को ऊपर करने का काम करें। सीएमओं को निर्देशित किया गया है कि सभी स्थलों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करें साथ में हमने एसडीएम, सीएसपी और सीएमओ को निर्देशित किया है कि यह लोग विसर्जन मार्ग का भ्रमण करके देख लें कि कहीं पर ऐसी बाधा तो नहीं है कि कोई पिछले साल और इस साल के बीच में कोई नया मकान या कोई नया निर्माण हो गया हो जिसके कारण से झॉकियों को निकलने में दिक्कत आए तो फिर उस तरीके से कार्रवाई करना जरूरी हो जाएगा तो आज संबंधित अधिकारी उसका भी भ्रमण करके पूरा देख लेंगे। जहां-जहां पर बैरिकेटिंग होनी है उसके लिए पीडब्लूडी को पूरे निर्देश दे दिये गए है, हम लोगों ने परसो रावण दहन स्थल का भी भ्रमण किया था फिर से वहां पर एक बार जाएंगे, इसी के साथ हम लोग अभी बाकी तालाबों का निरिक्षण भी कर लेंगे जिसमें कि पाठक कालोनी और बेलाताल वहां की व्यवस्थाओं का भी एक जायजा लिया गया।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कि आज और कल बहुत सारे विसर्जन के जुलूस निकलेगें आज दशहरा का प्रोग्राम रहेगा कल शहर में पुरैना और फुटेरा तालाब में विसर्जन रहेगा आज शहर के अन्य कस्बों में विसर्जन रहने वाला है, तो आज संबंधित अधिकारियो से इस विषय में चर्चा हुई है, जो व्यवस्था हमने पिछली बार की थी उसमें थोड़े बहुत सुधार की जरूरत है, तो संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है, अभी हमने मुख्य मार्गों और तालाबों का निरीक्षण किया है शाम तक पूरी व्यवस्था को लागू करने का प्लान है। उन्होने कहा कि जब तक विसर्जन चलेगा तो पुलिस तालाबो के घाटो पर और विसर्जन मार्गों पर रहेगी यह हमेशा से ही प्रथा रही है और विसर्जन कंम्लीट होने तक पूरा फोर्स लगा रहेगा। आज हमने सब डिवीजीन पर यहॉ से फोर्स भेजा हुआ है कल अन्य डिवीजन से यहॉ पर फोर्स तैनात होगी और पीएसयू से भी हमने फोर्स की मॉग की है जो कि आज रात तक स्पष्ट होगा कि कितना फोर्स हमको मिलना वाला है।

### चल समारोह को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

**दमोह।** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को मद्देनजर रखते हुये प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। दिनांक 02-03 अक्टूबर 2025 को दमोह शहर मे यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु दिनांक 02 अक्टूबर शाम 05 बजे से दिनांक 03 अक्टूबर सुबह 06 बजे तक के लिए निम्नलिखित डायवर्सन प्वाईंट निर्धारि निर्धारित किये है जिसमें डायवर्सन पाईंट - अंबेडकर चौराहा, मागंज स्कूल तिराहा, एवरेस्ट तिराहा, इकरार तिराहा ङ्ग जगदीश टाकीज तिराहा पठानी मस्जिद बनाया है। विसर्जन मार्ग - घंटाघर चौक बकौली तिराहा मोहन टाकीज तिराहा,पुराना थाना, सिटीनल महाकाली यशवंत चौक फुटेरा तालाब विसर्जन स्थल निर्धारित किये गये है। विसर्जन हेतु निर्धारित रूट से जाने वाले वाहन साहू तिराहा से मुक्तिधाम होते हुए निकलेंगे। शहर मे भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विजेताओं को दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका दमोह के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम नगर के शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें उर्दू संकुल प्राचार्य डॉ . नाजिर खान के निर्देशन में स्वच्छता विषय पर आधारित विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जरमीन खान , द्वितीय स्थान खालिद वारसी , तृतीय स्थान आफरीन ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उजमा खान , द्वितीय स्थान रिजा खान , तृतीय स्थान रिमझिम ने प्राप्त किया । दौड़ प्रतियोगिता में अयान मंसूरी प्रथम , आफाक द्वितीय एवं अयान खान व मनीष आदिवासी तृतीय स्थान पर रहे । विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दमोह नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह लोधी ने प्रतीक चिन्ह एवं मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए अपने उदबोधन में कहा कि हमारा दमोह निरंतर विकास की ओर अग्रसर है इसे स्वच्छ बनाने में हर नागरिक के योगदान की आवश्यकता है। आप भी दमोह को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में बढ़चढ़ कर भागीदारी कीजिए । नगरपालिका सीएमओ ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी प्रतियोगिताओं के प्रभारियों राहुल अहिरवाल , अर्जित खरे , रज्जाक खान को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल रशीद ने किया एवं नसीम अहमद ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

# 103 वर्षीय वृद्ध मोहनलाल अहिरवार का किया सम्मान



**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर ग्राम इमलाई तहसील दमयंती नगर में 103 वर्षीय वृद्ध मोहनलाल अहिरवार का ग्राम पंचायत भवन इमलाई में समारोह पूर्वक दमोह जिले की अपर कलेक्टर मीना मसराम, नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी एवं हल्का पटवारी अवधेश प्रताप सिंह राजपूत द्वारा ग्राम के सरपंच, सचिव एवं सम्माननीय नागरिकों के समक्ष शॉल, श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया ।

# महीने से ज्यादा समय बीत गया पर खाद की किल्लत बरकरार

**पथरिया।** शासन द्वारा एक तरफ किसानों के लिए खाद पर्याप्त उपलब्ध होने की बात कही जा रही है लेकिन किसान जब डबल लाक गोदाम में खाद लेने के लिए पहुंच रहें तो एक बही पर 2 बोरी दी जा रही है ऐसे में जिन किसानों के बड़े रकवा की बही हैं उनके लिए भी 2-2 बोरी मिल रही है ऐसे में किसानों को जितनी आवश्यकता है उतनी मात्रा में खाद उपलब्ध नही हो पा रहा है खाद वितरण में पहले किसानों को सुबह 5-6 बजें आधार कार्ड जमा करना फिर टोकन वितरित होंगे उसके बाद खाद मिलता है 2 बोरी के हिसाब से एक महीने से ज्यादा समय बीतने को है लेकिन पर्याप्त मात्रा में खाद नही मिल पा रहा जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही कुछ किसानों का कहना है कि किसानों को जितने खाद की जरूरत है एक बार में मिल जाए तो क्यों बार बार परेशान हो लेकिन 2-2 बोरी मिल रहा ऐसे में क्या करें, हम लोगों को ठीक लाइन में खड़े होकर लें लेंगे पर क्या जिन किसानों के बड़े रकवा है व जनप्रतिनिधियों के चहेते हैं उनके लिए भी यही नियम लागू है या फिर सिर्फ आम किसानों के लिए क्योंकि अभी तक किसी भी गोदाम पर कोई भी ऐसा किसान लाइन में नही दिखा जो जनप्रतिनिधियों के संपर्क में हैं। जो चर्चा का विषय बना हुआ है कि जब नियम कोई बना तो उसका बराबर से पालन होना निश्चित ही प्रशासन की मंशा है पर क्या सच में ऐसा हो रहा।

# दबंग उपसरपंच ने शाला भवन के प्राचीन कक्ष का ताला तोड़ा

### कोरता शाला के प्रधान अध्यापक ने पुलिस से आवेदन देकर लगाई कार्यवाही की गुहार सामग्री नामजद लोगों द्वारा ले जाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा पुलिस थाना अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला प्रधान अध्यापक कोरता ने एक सूचना पत्र जबेरा पुलिस थाना में 30 सितंबर को दिया है जिसमें ग्राम कोरता के दबंग उपसरपंच दिनेश राय पर शाला में जबरन धार्मिक कार्यक्रम करने के बाद 30 सितंबर को प्राचीन कक्ष का ताला तोड़ दिया जिससे उसमें रखी बहुमूल्य सामग्री कम्प्यूटर यंत्र किट, विज्ञान किट, ज्यामिनी किट, पुस्तकालय की पुस्तके सहित खेलकूद सामग्री, स्काऊट सामग्री बर्तन प्लेंटे चम्मच जग गिलास सहित अनेक सामग्री टीएल सामग्री सहित अन्य बहुमूल्य सामग्री रखी थी जो साथ में आये लोग अपने साथ ले गये। इसकी सूचना 4 बजे फोन पर प्रधान को दी। प्रधान अध्यापक ने अपने आवेदन में नामजद शिकायत की है जो शाला की सामग्री भी ले गये। 2 अक्टूबर को शाला को तोड़ने की धमकी भी पत्र में लेख किया है कि इसके पहले अगस्त में भी शाला प्रबंधन को परेशान किया गया था। परंतु उस समय भी की गई शिकायत पर कोई कार्यवाही पुलिस के न करने से इनके हौसले बुलंद है। शासन के स्पष्ट आदेश है कि शाला परिसर में बगैर वरिष्ठ अधिकारियों की स्वीकृति के कोई निजी कार्य या सामाजिक कार्य नहीं कर सकता है। लेकिन कोरता में तो दबंगो से सभी नियम चल रहे है। उन्होने पुलिस थाना प्रभारी से शीघ्र कार्यवाही करने व सामग्री वापिस दिलाने की मांग की है।

### सांडों के उत्पात से बने भगदड़ के हालात

**दमोह।** सड़क पर बैठे रहने वाले पशुधन की वजह से जहां सबसे अधिक हादसे हो रहे हैं वही आवारा मवेशियों की लड़ाई से भी काफी नुकसान लोगों को उठाना पड़ रहा है। ताजा मामला नवरात्र पर्व के दौरान माता रानी के पंडाल में आरती के समय दो आवारा सांडों के लड़ते हुए पहुंच जाने का सामने आया है। जिससे मौजूद सैकड़ो लोगों की भीड़ के बीच भगदड़ जे साथ हड़कंप के हालात बन गए। घनी मत रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई लेकिन अनेक लोग चोटिल जरूर हो गए। यह पूरा घटनाक्रम जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर गांव में सामने आया है। जहाँ दुर्गा पंडाल में मातारानी की आरती के दौरान बीती रात अचानक दो सांड आपस में लड़ते हुए भक्तों की भीड़ में पहुंच गए। लोग कुछ समझ पाते उसके पहले ही कुछ लोग गिर गए तथा कुछ लोग भगदड़ में दब गए। अफरा-तफरी के बीच भागते समय कई महिलाओं और बच्चों को चोटें आईं। गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद लोग एक बड़े हादसे के टल जाने को माता रानी की कृपा मान रहे हैं।

# छात्रा शानिया बानो को शासन से मिली स्कूटी, घर में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फुटेराकलां

फुटेराकलां निवासी अब्बास खान की पुत्री शानिया बानो की कक्षा 12 वीं क्लास में फस्ट रैंक हासिल की जिसके चलते उन्हें शासन के द्वारा टीवीएस कंपनी की स्कूटी प्रदान की गई है जिससे उनके घर सहित पूरे मुहल्ले में खुशी की लहर है। स्कूली शिक्षक उन्हें स्कूल बुलाकर मिठाई खिला रहे है और खूब बधाईयां दे रहे है। ज्ञात हो कि शानिया के पिता एक मजदूर है उनके माता पिता का सपना है कि उनकी लड़की एक एमबीबीएस डॉक्टर बने और गांव के लोगों की सेवा करे उनके पिता मजदूरी कर अपनी पुत्री को पड़ते है। घर का पालन पोषण करते है उनके परिवार में एक 15 वर्षीय भाई और माता पिता है। कुमारी शानिया ने बताया कि उन्होंने कक्षा पहली से कक्षा 10 वीं तक की शिक्षा पथिक पब्लिक स्कूल में की है जो एक प्राइवेट स्कूल है बाकी की शिक्षा शासकीय हाई सेकंडरी स्कूल फुटेरा में ही हासिल की है।

# बटियागढ़-हटा रोड बना मवेशियों का अड्डा, हादसे का खतरा

### आवारा मवेशियों से बढ़ रहे सड़क हादसे, प्रशासन बेखबर

**बटियागढ़** । क्षेत्र की सड़कों पर आवारा मवेशियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इन मवेशियों की वजह से आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। उन्हीं ग्राम सेमरा रामनगर निवासी रूपेंद्र सिंह लोधी ने बटियागढ़ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन देकर इन मवेशियों को सड़कों से हटाने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। रूपेंद्र सिंह ने बताया कि 26 सितम्बर की शाम करीब 7:10 बजे ग्राम शहजादपुरा के पास उनकी बाइक अचानक मवेशियों से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी जान पर बन आई, लेकिन गनीमत रही कि उन्होंने हेलमेट पहन रखा था। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र के करीब 95 प्रतिशत लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं करते, ऐसे में कभी भी बड़ी दुर्घटना होकर जनहानि हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन अगर समय रहते कार्रवाई नहीं करता तो सड़कें "दुर्घटनाओं का जाल" बन जाएंगी। ग्रामीणों की मांग है कि आवारा मवेशियों को गोशालाओं में रखा जाए और लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र लगातार बढ़ रही है अजगरों की संख्या



**तेंदूखेड़ा।** दमोह जिले के अंतर्गत आने वाले रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सांपों, विशेष रूप से अजगरों की लगातार बढ़ती संख्या से ग्रामीणों में भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है। बीते दिनों में ग्राम पंचायत बमनोदा के ग्राम बिल्तरा में करीब 11 फीट लंबा अजगर, और ग्राम पंचायत सर्रा के ग्राम माधौ में करीब 7 फीट का अजगर विस्थापन की हुई बैठक के दौरान नजर आया था । वन विभाग द्वारा दोनों अजगरों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया था। इसी क्रम में बुधवार, ग्राम पंचायत सोमखेड़ा के ग्राम रामगढ़ हार में राकेश विश्वकर्मा के खेत में लगभग 12 फीट लंबा अजगर देखा गया। खेत में कांस काटने गए गेंदीलाल पटेल की नजर इस अजगर पर पड़ी, जो एक सियार जैसे जानवर को निगल रहा था। गेंदीलाल ने तत्काल गांव पहुंचकर ग्रामीणों को सूचना दी। ग्रामीण कमलेश पटेल ने तुरंत नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के सदस्य को सूचित किया, जिन्होंने झापन रेंज के रेंजर नितेश डेहरिया का संपर्क नंबर उपलब्ध कराया। रेंजर द्वारा त्वरित तत्काल जानकारी लेने के बाद मौका स्थल पर टीम को भेजा गया वन विभाग की टीम द्वारा अजगर को पकड़ कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है।